# महिलाओं हेतु स्वयं का स्टार्ट-अप /उद्योग/स्वरोजगार प्रारम्भ करने हेतु निःशुल्क प्रशिक्षण भोपाल में

अपना स्टार्टअप/उद्योग/स्वरोजगार प्रारंभ करने की इच्छुक महिलाओं हेतु भारत सरकार के विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग द्वारा एक, चार सप्ताह अवधि का निःशुल्क आफलाइन उद्यमिता विकास कार्यक्रम, मध्यप्रदेश विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी परिषद्, भोपाल के माध्यम से निम्नानुसार आयोजित किया जावेगा।

**प्रशिक्षण कार्यक्रम की प्रस्तावित तिथि**
यह प्रशिक्षण कार्यक्रम
दिनांक 08 जनवरी 2025 से 03 फरवरी 2025
तक आयोजित किया जावेगा।

**प्रशिक्षण स्थलः**
म.प्र. विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी परिषद्,
विज्ञान भवन, नेहरू नगर, भोपाल-462003

## प्रमुख विषय जो इस प्रशिक्षण कार्यक्रम के दौरान सम्मिलित किये जावेगें:

- प्रशिक्षणार्थियों की अभिरूचि एवं स्वंय की धन लगाने की क्षमता के आधार पर स्थापित किये जा सकने वाले विभिन्न स्टार्टअप/उद्योगों/स्वरोजगारों की जानकारी।
- उद्योग स्थापित करने की संपूर्ण प्रक्रिया की जानकारी (जिसमें विभिन्न पंजीयन, लाइसेंस आदि प्राप्त करने की जानकारी सम्मिलित होगी)।
- नये उद्योग/स्टार्टअप की स्थापना हेतु विभिन्न सुविधाएं/अनुदान/ऋण से संबंधित योजनाएं तथा प्रक्रियाएं।
- अपना उद्योग स्थापित करने के लिए कंपनी/फर्म बनाने की प्रक्रिया की जानकारी।
- निर्मित किये जाने वाले उत्पादों/दी जाने वाली सेवाओं के बाजार एवं विपणन, इकाई का प्रबंधन लेखा–जोखा तैयार करने की जानकारी।
- प्रस्तावित इकाई की परियोजना प्रतिवेदन निर्माण करने हेतु गहन प्रशिक्षण।

## प्रशिक्षण में भाग लेने हेतु पात्रता

- विज्ञान/तकनीकी/इंजीनियरिंग के किसी भी विषय में स्नातक अथवा स्नातकोत्तर योग्यता प्राप्त अथवा किसी भी विषय में पॉलीटेक्निक/पीजीडीसीए योग्यता प्राप्त महिलाऐं।

**आयु :** 18 से 45 वर्ष के मध्य हो।

## आवेदन कैसे करें ?

इच्छुक एवं उपरोक्तानुसार पात्र आवेदक अपना नाम, पता, मोबाईल नम्बर, आधार नम्बर, ई–मेल, शैक्षणिक योग्यता आदि की जानकारी देते हुए अपना आवेदन ई–मेलः navyasingh13@gmail.com अथवा व्हाट्सअप नंबर 9479443500 पर दिनांक 06 जनवरी 2025 से पूर्व प्रेषित करें। अतिरिक्त जानकारी हेतु मोबाईल/व्हाट्सअप नंबर 9479443500/9425010643 पर संपर्क करें।


**अवनीश शर्मा**
सलाहकार
एमपीसीएसटी, भोपाल

**नव्या चतुर्वेदी**
(कार्यक्रम समन्वयक)

**डॉ. प्रवीण कुमार दिघर्रा**
वरिष्ठ प्रधान वैज्ञानिक
प्रमुख एचआरडी, एमपीसीएसटी, भोपाल